BRIC
a DBT Organization

NIPGR

# समाचार पत्रिका

अंक – 25, वर्ष – 2025 (अप्रैल-जून)

## राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान

(बायोटेक्नोलॉजी विभाग, भारत सरकार)



### समाचार पत्रिका के इस अंक में -

कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ

सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां

पीएच.डी. डिग्री अवार्ड

साइंस कम्युनिकेशन्स एंड आउटरीच



संपर्क करें:
श्री रत्नेश्वर ठाकुर (वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, विज्ञान संचार)
मैनेजिंग एडिटर, समाचार पत्रिका (हिंदी),
ई-मेल : social@nipgr.ac.in,
टेलीफ़ोन नं. : 011-26735251 (एक्सटेंशन: 251)

@NIPGR

@NIPGRsocial

www.nipgr.ac.in

BRIC
a DBT Organization

NIPGR

# समाचार पत्रिका

## कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ

**स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का आयोजन :**

संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 1-15 मई 2025 तक उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और छात्रों ने मिलकर स्वच्छता एवं जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह पहल स्वच्छ भारत अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही, जिसमें सभी ने एकजुट होकर योगदान दिया।



**ब्रिक-एनआईपीजीआर में पादप मेटाबोलोमिक्स पर कार्यशाला :**

ब्रिक-एनआईपीजीआर की मेटाबोलोमिक्स सुविधा में 5–9 मई, 2025 तक “प्लांट मेटाबोलोमिक्स: सैंपल प्रिपरेशन टू डेटा प्रोसेसिंग यूज़िंग GC–MS” पर पाँच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शोधकर्ताओं और छात्रों ने नमूना तैयारी से लेकर GC–MS आधारित डेटा विश्लेषण तक के सभी चरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम ने मेटाबोलोमिक्स के क्षेत्र में ज्ञान साझाकरण और सहयोग को बढ़ावा दिया।



LiFE
Lifestyle for Environment

**ब्रिक-एनआईपीजीआर का आह्वान: #MissionLiFE के साथ स्थायी भविष्य की ओर:**

ब्रिक-एनआईपीजीआर सभी को MISSION LiFE मंच के माध्यम से #MissionLiFE की यात्रा में शामिल होने और अपने दैनिक जीवन में स्थायी एवं पर्यावरण-संवेदी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।आइए, हम सब मिलकर #EndPlasticPollution के लिए ठोस कदम उठाएँ और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने ग्रह को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने का संकल्प लें।

## कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ

### हिंदी कार्यशाला एवं बैठक

संस्थान में, मई 27, 2025 को श्री ओम प्रकाश साह, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, रा.पा.जी.अनु.सं. द्वारा 'राजभाषा कार्यान्वयन एवं विभिन्न तकनीकी टूल्स' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक उक्त कार्यशाला में भाग लिया ।

**संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक – जून 04 , 2025**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 48वीं तिमाही बैठक का आयोजन दिनांक जून 04, 2025 को किया गया। निदेशक, एनआईपीजीआर की अध्यक्षता में संस्थान में हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की गई।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर संस्थान में योग सेमिनार एवं अभ्यास सत्र का आयोजन:** 21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्थान ने "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य हेतु योग" विषय पर एक सारगर्भित सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार के उपरांत प्रतिभागियों ने सूक्ष्म व्यायाम, योगासन और ध्यान सत्र में भाग लिया। यह आयोजन स्वास्थ्य, सामूहिक जागरूकता और संपूर्ण कल्याण के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां



**डॉ. जगदीश गुप्ता कपुगंती को पादप विज्ञान में नवाचार हेतु अमेरिकी पेटेंट प्राप्त:** ब्रिक-एनआईपीजीआर के वैज्ञानिक डॉ. जगदीश गुप्ता कपुगंती को उनके नवोन्मेषी शोध कार्य के लिए अमेरिकी पेटेंट **(US 12,279,625 B2)** प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि पादप विज्ञान में संस्थान की उत्कृष्टता, सृजनशीलता और नवाचार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।



**डॉ. जगदीश गुप्ता कपुगंती को कृषि उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने की विधि पर अमेरिकी पेटेंट:** ब्रिक-एनआईपीजीआर के वैज्ञानिक डॉ. जगदीश जी. कपुगंती को "कृषि उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने की विधि" पर अमेरिकी पेटेंट **(US 12 310,380 B2)** प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और खाद्य स्थिरता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आमंत्रित व्याख्यान

**प्रो. हेनरी डैनियल ने ब्रिक-एनआईपीजीआर में व्याख्यान दिया:**

11 जून, 2025 - ब्रिक-एनआईपीजीआर ने प्रो. हेनरी डैनियल (डब्ल्यू. डी. मिलर प्रोफेसर और उपाध्यक्ष, पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय, अमेरिका) को "प्लांट सेल-बेस्ड बायोफार्मास्युटिकल्स – एन्हान्सिंग अफ्फोर्डबिलिटी एंड एक्सेस टू हेल्थकेयर" विषय पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया। यह व्याख्यान प्रयोगशाला से क्लिनिक तक पादप-निर्मित औषधियों के परिवर्तन पर केंद्रित था, जिसमें सुलभ वैश्विक स्वास्थ्य सेवा में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

## पीएच. डी. डिग्री अवार्ड

1. संस्थान की पीएच.डी. छात्रा सुश्री प्रभा को "अंडरस्टैंडिंग द रेसोल्यूशन ऑफ़ हॉलिडे जंक्शन एंड अदर जॉइंट डीएनऐ मोलेक्युलस बाय वेरियस स्ट्रक्चर-स्पेसिफिक एंदोनुक्लेअसेस इन प्लांट्स" नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से अप्रैल 30, 2025 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. गीतांजलि यादव (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

## श्री वेंकटेश्वर कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के छात्रों का एनआईपीजीआर का अध्ययन दौरा :

4 अप्रैल, 2025 को संस्थान ने श्री वेंकटेश्वर कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के छात्रों के लिए एक अध्ययन भ्रमण आयोजित किया। डॉ. आशुतोष पांडे (वैज्ञानिक) ने एक ज्ञानवर्धक वैज्ञानिक व्याख्यान दिया। श्री रत्नेश्वर ठाकुर ने संस्थान के अनुसंधान सुविधाओं, शोध क्षेत्रों तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन एनआईपीजीआर की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं के दौरे के साथ हुआ ।



## किरोड़ीमल कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के छात्रों का एनआईपीजीआर अध्ययन दौरा:

4 अप्रैल, 2025 को संस्थान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्रों का अध्ययन दौरे के लिए स्वागत किया। श्री रत्नेश्वर ठाकुर ने संस्थान एवं अनुसंधान गतिविधियों का सारगर्भित परिचय प्रस्तुत किया। इसके उपरांत छात्रों को संस्थान की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें चल रहे वैज्ञानिक कार्यों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई।



## साइंस कम्युनिकेशन्स एंड आउटरीच

**भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के छात्रों का एनआईपीजीआर अध्ययन दौरा:** 7 अप्रैल, 2025 – संस्थान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज के बी.एससी. (ऑनर्स) वनस्पति विज्ञान के छात्रों का अध्ययन दौरे के लिए स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश के. मीणा (वैज्ञानिक) ने एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने अपने शोध से प्राप्त अनुभव और अंतर्दृष्टियाँ साझा कीं तथा छात्रों को पादप विज्ञान के क्षेत्र में संभावनाओं से प्रेरित किया। श्री रत्नेश्वर ठाकुर ने संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों, अनुसंधान सुविधाओं तथा विज्ञान में करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी। अध्ययन दौरे का समापन संस्थान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं और परिसर के निर्देशित भ्रमण के साथ हुआ।



**किरोड़ीमल कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के छात्रों का एनआईपीजीआर अध्ययन दौरा:** 15 अप्रैल, 2025 – संस्थान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्रों को एक शैक्षणिक दौरे के लिए स्वागत किया ।



इस अवसर पर डॉ. पिंकी अग्रवाल ने "राइस ग्रेन रिसर्च: एड्रेसिंग ग्लोबल चैलेंजेज थ्रू साइंस" विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने खाद्य सुरक्षा से संबंधित वैश्विक चुनौतियों के समाधान में वैज्ञानिक नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। श्री रत्नेश्वर ठाकुर ने संस्थान के अनुसंधान केंद्रों, गतिविधियों तथा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का अवलोकन प्रस्तुत किया। अध्ययन दौरे के अंतर्गत छात्रों ने ब्रिक-एनआईपीजीआर की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का भ्रमण किया।

## साइंस कम्युनिकेशन्स एंड आउटरीच

**मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल के प्रतिनिधिमंडल का एनआईपीजीआर दौरा:** 24 अप्रैल, 2025 – मध्य प्रदेश मिशन उत्कृष्टता कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान मंथन यात्रा 2024–25 के एक भाग के रूप में, ब्रिक-एनआईपीजीआर ने मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), विज्ञान भवन, भोपाल के छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल की मेज़बानी की। इस अवसर पर डॉ. एस. के. मुथप्पा (वैज्ञानिक) ने संस्थान के कार्यों तथा पादप विज्ञान में चल रहे अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने ब्रिक-एनआईपीजीआर की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का भ्रमण किया, जिससे उन्हें वैज्ञानिक अवसंरचना, अनुसंधान पद्धतियों और नवाचार के क्षेत्र में गहन जानकारी प्राप्त हुई।



**डीएवी पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार के छात्रों का एनआईपीजीआर शैक्षिक दौरा:**

19 मई, 2025 – ब्रिक-एनआईपीजीआर ने डीएवी पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार के छात्रों का शैक्षिक दौरे के लिए स्वागत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अत्याधुनिक पादप विज्ञान अनुसंधान से परिचित कराना और उन्हें विज्ञान के प्रति प्रेरित करना था। डॉ. सलोनी माथुर (वैज्ञानिक) ने एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया। श्री रत्नेश्वर ठाकुर ने संस्थान की अनुसंधान सुविधाओं का परिचय कराया और विज्ञान में करियर के विविध अवसरों पर चर्चा की। इस दौरे ने छात्रों को वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की दुनिया की प्रेरणादायी झलक प्रदान की।



## पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर राजकीय कृषि महाविद्यालय के छात्रों का एनआईपीजीआर दौरा:

2 जून 2025 — ब्रिक-एनआईपीजीआर ने महाराष्ट्र के हलगांव स्थित पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर राजकीय कृषि महाविद्यालय के 46 छात्रों और 4 संकाय सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अमर पाल सिंह (वैज्ञानिक) ने पादप विज्ञान में हो रहे नवीनतम अनुसंधान एवं विकास पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने संस्थान की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का भ्रमण किया और उन्नत वैज्ञानिक अवसंरचना एवं अनुसंधान प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।




**साइंस कम्युनिकेशन्स एंड आउटरीच,**
**ब्रिक–राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान**
**www.nipgr.ac.in**